PUBLICATION	Navabharat(Pune Plus)
DATE	August 23rd, 2017
PAGE NO	02
Edition	Pune

1 से लोनावला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल

द्वितीय सत्र की सभी तैयारियां पूरी

पुणे, सं. गत वर्ष फिल्मोत्सव के प्रथम संस्करण को मिले अपार समर्थन से उत्साहित होकर, इस साल लोनावला के सुरम्य प्राकृतिक वातावरण में दर्शकों के लिए विविध प्रकार की मनोरंजक फिल्मों का उत्सव आयोजित किया जाएगा. जिसकी शुरूआत 1 सितंबर से होगी. इसका समापन 3 सितंबर को होगा. एलआइएफएफआइ द्वारा आयोजित फिल्मोत्सव के इस द्वितीय संस्करण में दर्शकों को इस बार एकदम अलग और यादगार "सिनेमाई अनुभव" प्रदान करने की अद्वितीय व्यवस्था की गई है.

■ फिल्मोत्सव में विभिन्न विधाओं की 32 मनोरंजक देशी एवं विदेशी फिल्मों का प्रदर्शन होगा. अत्याधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित ट्रायोज प्लाजा में आयोजित इस संस्करण की एक-एक फिल्म अपने-आप में खास है जिन्हें हरेक सिनेप्रेमी को अवश्य देखना चाहिए. इस वर्ष प्रदर्शित होने वाली फिल्मों में हम साथ साथ हैं, हम आपके हैं कौन, आइ एम कलाम, अंदाज अपना अपना, जलपरी - द डेजर्ट मर्मेड, स्वर्ग, छोटा सिपाही, रसेल मैडनेस, मंकी अप, द गोल, माइ लकी एलीफैंट आदि जैसी शानदार फिल्में सम्मिलित हैं.

■ "एलआइएफएफआइ 2017" के आधिकारिक कंटेंट पार्टनर्स में अल्ट्रा मीडिया ऐंड एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड, राजश्री प्रोडक्शन्स, चिल्ड्रन फिल्म सोसाइटी आफ इंडिया, के सेरा सेरा, विनय पिक्चर्स एवं स्माइल फाउंडेशन शामिल हैं. लोनावला और आस-पास के सरकारी एवं निजी स्कूलों, अनाथालयों एवं विभिन्न एनजीओ से अपने-अपने बच्चों को फिल्में देखने के लिए भेजने का अनुरोध किया गया है.

■ इन बच्चों को अद्वितीय एवं चिरस्थायी अनुभव प्रदान करने और मनोरंजन के माध्यम से उनके ज्ञानवर्द्धन के उद्देश्य से उन्हें निःशुल्क प्रवेश की सुविधा दी गई है.गत वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी लोनावला के सुरम्य पहाड़ी वातावरण में आयोजित पथप्रदर्शक फिल्मोत्सव में भारी संख्या में दर्शकों के आने की उम्मीद है. गत वर्ष उत्कृष्ट फिल्म निर्माता श्याम बेनेगल के हाथों मशहूर फिल्म निर्माता गोविन्द निहलानी को "लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड" से सम्मानित किया गया था.